Title: Proposal of Maharashtra Government regarding four laning of National Highways Nos. 3 and 50.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : अध्यक्ष महोदय, नासिक मेरा निर्वाचन क्षेत्र है...

अध्यक्ष महोदय : ढिकले जी, आप एक मिनट बैठिये।

श्री उत्तमराव ढिकले : अध्यक्ष महोदय, नासिक शहर मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। नासिक शहर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसे दक्षिण काशी भी कहा जाता है। नासिक में वर्ा 2003-2004 में कुम्भ मेला लगने जा रहा है। जिसमें लाखों की तादाद में साधु-संत और यात्री आने वाले हैं। इसीलिए महाराट्र शासन ने केन्द्र सरकार के पास नेशनल हाइवे नम्बर-तीन और 50 के बारे में चार लेनिंग हाइवे के प्रस्ताव भेजे हैं।

MR. SPEAKER: Hon. Members, please sit down. Nothing should be taken on record except what Shri Uttamrao Dhikale says.

(Interruptions) â€¦*

* Not Recorded

श्री उत्तमराव ढिकले : इन प्रस्तावों को केन्द्र सरकार ने अभी तक मान्यता नहीं दी है। नेशनल हाइवे नंबर-तीन का चार लेनिंग का जो प्रस्ताव मान्यता के लिए भेजा गया है वह कुल 60 किलोमीटर की दूरी का है। यह विलेज गोंदे से शुरू होकर विलेज पिम्पलगांव बसवंत तक जाता है। इस चार लेनिंग हाइवे के कांट्रैक्टर की प्र ीक्वालिफिकेशन रिपोर्ट भी महाराट्र शासन ने केन्द्र सरकार के पास 11 अक्टूबर, 2001 को भेज दी है और ड्राफ्ट बिड डाकूमैन्ट भी भेजे हैं।

दूसरा चार लेनिंग प्रस्ताव हाइवे नम्बर 50 का है, जो नासिक से सिन्नर गांव तक है। इसकी भी प्रीक्वालिफिकेशन रिपोर्ट और ड्राफ्ट बिड डाकूमैन्ट भेज दिये गये हैं। इन दोनों हाइवेज का काम बी.ओ.टी. के माध्यम से होने वाला है। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इन दोनों प्रस्तावों को तुरंत मान्यता देने का कट करे।